आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 10 फरवरी सुबह 11 बजे देशभर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा के तहत बातचीत करेंगे। इस दौरान देशभर के 36 विद्यार्थी प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करेंगे। दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित कई प्लेटफार्मों पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन सहित व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन देंगे।

गोमा

आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा है कि राज्य सरकार नशे के सौदागरों से निपटने के लिए गम्भीरता से कार्य कर रही है। कांगड़ा जिला में जयसिंहपुर क्षेत्र के मझेड़ा में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि वर्तमान में नशा–खोरी समाज के समक्ष एक गम्भीर चुनौती बनी हुई है। यादविंदर गोमा ने लोगों से अपने आस–पास नशे के कारोबार में लिप्त लोगों की जानकारी उन्हें उपलब्ध करवाने का आह्वान भी किया। इससे पहले, उन्होंने मझेड़ा में पटवार वृत और पंचायत भवन का लोकार्पण किया।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केंद्र के प्रयासों से इतिहास में पहली बार हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तार का कार्य शुरू हुआ है लेकिन कांग्रेस सरकार इस प्रोजेक्ट का झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रही है। एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार इस कार्य को तेजी से आगे न बढ़ाने के लिए इसमें बाधाएं डालने का काम कर रही है जो जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है। राजीव बिंदल ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सभी सीटों पर जमानत जब्त होना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस की नीति और नियत जनविरोधी है।

हिमईरा

राज्य सरकार का ई–कॉमर्स प्लेटफार्म हिमईरा ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में मद्दगार साबित हुआ है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की सरकार की इस पहल के उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। यह पहल ग्रामीण हिमाचल के शिल्प कौशल की समृद्धि और विविधता को देश हर कोने में पहुंचा रही है। और अधिक ब्यौर के साथ यह रिपोर्ट ........

*मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते तीन जनवरी को ई–कॉमर्स प्लेटफार्म हिमईरा को लौंच किया था। एक माह की अवधि में ही इस प्लेटफार्म को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। हिमईरा के माध्यम से केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के ग्राहकों को अब तक एक हजार से अधिक ऑनलाईन ऑर्डर सफलतापूर्वक वितरित किए जा चुके हैं जोकि प्लेटफार्म की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। ई–कॉमर्स में एकीकरण के साथ स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद अब पे.टी.एम. और माय स्टोर प्लेफार्म पर सूचीबद्ध हो रहे हैं जिससे वे देशभर के खरीददारों के लिए सुलभ हो जाते हैं। इस डिजिटल मंच के जरिए प्रदेशभर के 30 हजार स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आजीविका के उन अवसरों तक सीधी पहुंच मिली है जो पहले उनकी पहुंच से बाहर थे। वेबसाइट पर हाथ से बुने हिमाचली वस्त्रों से लेकर शुद्ध और प्राकृतिक खाद्य पदार्थों सहित लगभग 30 उत्पादों की विविधतापूर्ण रेंज उपलब्ध है। ई–प्लेटफॉर्म के माध्यम से बाजार तक पहुंच बढ़ाने की सरकार की पहल से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं भी बेहद उत्साहित हैं।* ..........प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं सुरेश शर्मा।

शिमला–पेयजल

शिमला नगर निगम शहर के लोगों को जल्द 24 घंटे पानी की सुविधा प्रदान करेगा। निगम द्वारा जून माह तक सतलुज नदी से पानी लाने की परियोजना का कार्य पूरा होने की संभावना है। इस संबंध में महापौर सुरेंद्र चौहान ने पेयजल कंपनी और बिजली बोर्ड अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि सतलुज नदी से शिमला के सुन्नी शकरोडी से पानी लिफ्ट किया जाना है, जिससे शहर के लोगों को 24 घंटे पानी की सुविधा मिल पाएगी।

विधायक आपके द्वार

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर. एस. बाली ने कहा है कि कल 10 फरवरी से 16 फरवरी तक नगरोटा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

नमस्कार।